दिनांक 17.05.2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

आवारा कुत्तों की धरपकड़ भिलाई निगम क्षेत्र में है जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में आवारा कुत्तों के आतंक को नियंत्रित करने धरपकड़ की जा रही है। निदान 1100 में आवारा कुत्तों के घूमने की शिकायत प्राप्त होने के तत्काल बाद निगम द्वारा निर्धारित की गई एजेंसी के माध्यम से कुत्तों को धरपकड़ की कार्यवाही की गई। निगम आयुक्त ने आवारा कुत्तों को पकड़वाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए हैं , जिस पर कार्यवाही करते हुए आज वार्ड क्रं. 55 के सेक्टर-6 एवेन्यू ए मार्केट, सेक्टर-6 बी मार्केट, सेक्टर -6 ब्लाॅक-2, वार्ड कं. 57 के भिलाई होटल के सामने , वार्ड कं. 66 के सेक्टर-7 मार्केट, वार्ड 29 के बापूनगर खुर्सीपार, बालाजी नगर, वार्ड 35 खुर्सीपार तन्नु फैंसी के पास , डाॅ. आर. कुमार बालाजी नगर, बापूनगर, वार्ड 29 के खुर्सीपार मंदिर, नाला के पास बापूनगर स्कूल के आसपास क्षेत्र में विचरण कर रहे आवारा कुत्तों को पकड़ा गया , जिसे डॉग हाउस में बधियाकरण करने हेतु रखा गया है। शिकायत के आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य जारी है। इसी तरह आज निगम के विभिन्न क्षेत्रों में घूम-घूम कर 16 आवारा कुत्तों को पकड़ा गया।

निदान 1100 मे प्राप्त शिकायतों का निराकरण किया जा रहा है , जिसमें कुत्ते पकड़ने की भी शिकायत आए दिन प्राप्त होती रहती है जिसके लिए एजेंसी नियुक्त किया गया है। आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य तुलसी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा किया जा रहा है , वाहनों के माध्यम से आवारा कुत्तों को पकड़ने का कार्य किया जाता है। कुत्तों को पकड़ने के लिए तुलसी महिला स्व सहायता समूह के द्वारा जालियां तैयार की गई है जिसके माध्यम से कुत्ता पकड़ने का कार्य किया जा रहा है खतरनाक एवं पागल कुत्तों को पकड़ने के लिए इनके पास इंजेक्शन भी उपलब्ध है। एजेंसी के संचालक वर्मा ने बताया कि इन दो-तीन दिनों में मॉडल टाउन क्षेत्र, कांट्रेक्टर कॉलोनी, पावर हाउस, बालाजी फर्नीचर के सामने सुपेला , संग्राम चौक , राधिका नगर, स्मृति नगर, नेहरू नगर आदि क्षेत्रों से कुत्ता पकड़ने का कार्य किया गया है।